हिसाब मांगने पर ग्राम सभा में जमकर बवाल

कान्हीवाड़ा नवभारत। जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत कामता में आयोजित ग्राम सभा उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई, जब ग्रामीणों ने पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए। आरोप है कि 5 लाख की बाउंड्री वॉल, स्टॉप डैम के गेट और नल-जल योजना की स्थिति की जानकारी मांगने पर सरपंच एवं उनके पति भड़क गए और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने पंचायत में चल रहे प्रमुख कार्यों का हिसाब-किताब मांगा जिसमें 5 लाख की अनुमानित लागत से बन रही बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य और बजट को लेकर सवाल

विकास कार्यों का हिसाब मांगने पर सरपंच और पति पर अभद्रता का आरोप

उठाए गए। स्टॉप डैम में लगे गेट और उसके रखरखाव की स्थिति पर स्पष्ट जानकारी मांगी गई।

गांव में हर घर पानी पहुंचाने वाली नल-जल योजना की जमीनी हकीकत और अव्यवस्था पर पंचायत से जवाब मांगा गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि जैसे ही इन जनहित के मुद्दों पर सरपंच मानवती चंद्रवंशी और उनके पति पूरन लाल चंद्रवंशी से सवाल पूछे गए, वे आपा खो बैठे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया और अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी आवाज़ को दबाने का प्रयास किया।

ग्रामीण ने बताया कि ग्राम पंचायत कामता में लगातार

विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है। जब भी कोई नागरिक सूचना या पारदर्शिता की मांग करता है, तो उसे डरा-धमकाकर चुप कराने की कोशिश की जाती है

घटना के बाद से ही ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी आ गया है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कराकर सरपंच एवं उनके पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जनसुनवाई में शिकायत

वही ग्रामीणों ने जनसुनवाई पहुंच जिला कलेक्टर से कामता सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार में जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। बैठक के दौरान वीडियो बनाने वाले शख्स को झूठे केस में फसाने हेतु थाने में आवेदन दिया गया इसके बाद कान्हीवाड़ा पुलिस द्वारा विशाल कुशराम को थाने में बैठाया गया इसके बाद ग्रामीण एकजुट हुए और थाने पहुंचे वहीं भीड़ देख पुलिस द्वारा विशाल कुशराम को छोड़ दिया गया। बैठक के दौरान विशाल कुशराम रामकिशोर यादव पुनाराम यादव देवी चंद्रवंशी गोवर्धन कुर्वेति अनिल श्रीवास्तव विकास कुर्वेति दादू बरमैया सुरेंद्र भलावी सुरेंद्र वीक उपस्थित रहे

आज से अखंड रामायण पाठ के साथ श्रावण मास का श्रीगणेश

उगली नवभारत। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति बाजार से उगली में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आज दिन बुधवार सुबह 10.00 बजे से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखंड राम चरित मानष,रामायण पाठ के वाचन के साथ पवित्र श्रावण माष जो देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ श्रद्धालु गण नियमित भोले बाबा की आराधना कर अनादी प्राचीन काल से मनाते आ रहे हैं, इसी कड़ी में निरंतर प्रतिवर्ष उगली के बाजार चौक के मध्य स्थित श्री सिद्ध पीठ संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में विगत 4 वर्षों से निरंतर प्रत्येक मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड का भक्तीमय वाचन समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाता है,

विभिन्न तिथियां में जैसे श्रावण

माष,अधिक माष, गणेश उत्सव, नवरात्र, कृष्ण जन्माष्टमी,हनुमान जन्मोत्सव,श्री रामनवमी सभी धार्मिक त्योहारों में विशेष साज सज्जा के साथ पूजन अर्चन कर सभी भक्त गण जुडकर हनुमान जी महाराज की सेवा करते हैं,

इस दिव्य प्रांगण में उपस्थित नर्मदेश्वर महादेव, भैरव बाबा के साथ में विराजमान समस्त देवी देवताओं की पूजा आराधना नियमित किया जाता है, समिति के अध्यक्ष रामाधार अहिरवार एवं हरीश बिसेन, इंदू लाल कटरे, कांति कुमार बिसेन, देवेंद्र पटले, संदीप बिसेन,पंडा बाबा योगेश गिरी, नवीन अग्रवाल, राजदीप रांहगडाले,रघुनाथ सिंह ठाकुर एवं अन्य सदस्य गण नियमित मंदिर से जुड़े सभी धार्मिक क्रियाकलापों अनुष्ठानों में विशेष सहभागिता निभाते हैं, गत वर्ष श्रावण मास में मंदिर प्रांगण में माषपरायण का आयोजन किया गया जो पूरे 30 दिन श्रावण मास के समय रामचरितमानस का वाचन किया जाता था, मंदिर समिति से जुड़े हुए समस्त पदाधिकारी और सदस्य गण और उगली ग्रामवासी मंदिर में पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ जुड़कर आराधना में लीन रहते हैं.

श्रावण माष में प्रत्येक मंदिरों में पूजन अर्चन के साथ कांवड़ यात्राओं और अखंड रामायण, सुंदर कांड, भजन मंडली, शिव रुद्राभिषेक आदी अनुष्ठान किये जायेंगे।

एक नजर में

करंट लगने से 65 वर्षीय वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

छपारा। विकासखंड मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित सीमावर्ती ग्राम मुआरी में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध महिला की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलने पर छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा भेजा, जहां पोस्टमार्टम उपरांत कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुआरी निवासी किस्सो बाई धुर्वे (65 वर्ष), पति मनिराम धुर्वे मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे गांव के एक कुएं पर पानी भरने गई थीं। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गईं। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने ग्राम में वर्षों से बंद पड़ी नल-जल योजना को हादसे का एक प्रमुख कारण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारु होती, तो लोगों को कुएं से पानी भरने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता और संभवत: यह हादसा टल सकता था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना को चालू कराने और मरम्मत कराने के लिए ग्राम पंचायत को कई बार आवेदन एवं शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

दो वाहनों पर 5-5 हजार रूपये का चालान

सिवनी। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग द्वारा मंगलवार को लखनादौन, घंसौर एवं धनौरा क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों का विशेष जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल वाहनों के संचालन संबंधी जारी दिशा-निर्देशों तथा मोटरयान नियमों के विभिन्न प्रावधानों के पालन की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र के संचालित पाए जाने पर स्कूल वाहन क्रमांक एमपी 22 पी 0373 पर 5,000 रूपये का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य वाहन पर भी नियमों के उल्लंघन के कारण 5,000 रूपये का समन शुल्क आरोपित किया गया।

गौ घाट धाम में गुरु पूर्णिमा पर होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

वृंदावन से पधारे आचार्य जगदीश चंद्र शास्त्री के सानिध्य में होगा पूजन एवं भंडारा

सिवनी नवभारत। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गौ घाट धाम में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वृंदावन से पधारे आचार्य श्री जगदीश चंद्र शास्त्री के सान्निध्य में शिष्य मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा पूजन एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है।

आयोजकों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व

है। इस अवसर पर श्रद्धालु गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करते हुए उनका पूजन-अर्चन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, गुरु पूजन एवं प्रसादी वितरण सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

गौ घाट धाम में आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति एवं शिष्य मंडल ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरु पूर्णिमा के पावन आयोजन में सहभागिता करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

अगर आप कार्यक्रम की तारीख, समय और स्थान का पूरा पता बता दें, तो उन्हें जोड़कर खबर को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है।

जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत, निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

मुख्यमंत्री के नाम पर नियुक्ति का झांसा! सेवानिवृत्त कर्मचारी पर अवैध वसूली के आरोप

छपारा नवभारत। जल संसाधन विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी पर मुख्यमंत्री के नाम का कथित तौर पर दुरुपयोग कर किसानों से अवैध वसूली करने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। संजय सरोवर बांध के डूब क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, संतोष नामदेव जून 2025 में जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त हो चुका है। इसके बावजूद वह संजय सरोवर बांध के डूब क्षेत्र के सादक सिवनी, छपारा खुर्द, माल्हनवाड़ा, गोहाना, परासिया, सिमरिया, ताखला सहित अन्य गांवों में पहुंचकर किसानों को कथित रूप से यह कहकर गुमराह कर रहा है कि उसकी नियुक्ति मुख्यमंत्री द्वारा की गई है तथा उसका कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है।

किसानों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि वह डीएपी खाद उपलब्ध कराने तथा विभागीय

कार्य कराने का झांसा देकर किसानों से राशि वसूल रहा है। इतना ही नहीं, किसानों का दावा है कि वसूली के बदले ओवरराइटिंग वाली रसीदें भी दी जा रही हैं, जिससे पूरे मामले पर संदेह और गहरा गया है। शिकायतकर्ताओं ने यह भी सवाल उठाया है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी संबंधित व्यक्ति के पास विभागीय दस्तावेज और रसीदें कैसे पहुंचीं। किसानों ने मामले में विभागीय अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। जनसुनवाई में पहुंचे किसानों ने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

आबादी भूमि पर रहने वाले परिवारों की समस्या, नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ

छपारा नवभारत। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने की उम्मीद लगाए बैठे छपारा नगर के एक गरीब मजदूर परिवार को प्रशासनिक प्रक्रिया के चलते निराशा का सामना करना पड़ रहा है। आजाद वार्ड क्रमांक-09 (कुम्हारी वार्ड) निवासी मोहन कुमार पाटर (46) ने आरोप लगाया है कि उनका परिवार पिछले चार पीढ़ियों से जिस आबादी भूमि पर निवास कर रहा है, उसी भूमि को सर्वे के दौरान रास्ता मद बताकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से अपात्र घोषित कर दिया गया। मोहन कुमार पाटर ने बताया कि उनका कच्चा खपरैल मकान करीब 100 वर्षों से अधिक पुराना है, जिसमें उनके पूर्वजों के समय से परिवार निवास करता आ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था और उनका नाम पात्र हितग्राहियों की सूची में भी शामिल हो गया था। लेकिन नगर परिषद द्वारा किए गए सर्वे के दौरान उनकी भूमि को रास्ता मद बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया। आवेदक ने बताया कि उनके पास

तहसीलदार छपारा द्वारा वर्ष 2016-17 में जारी भू-खण्ड धारक प्रमाणपत्र भी उपलब्ध है। इसके बावजूद नगर परिषद ने यह कहते हुए योजना का लाभ देने से इंकार कर दिया कि उनके पास भूमि संबंधी दस्तावेज नहीं हैं, जबकि आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज संलग्न किए गए थे।

मोहन कुमार पाटर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं और वर्तमान में अत्यंत जर्जर एवं कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं। बरसात के मौसम में मकान की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे परिवार की सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है।

पीड़ित ने जनसुनवाई में आवेदन देकर मांग की है कि उनके मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। वहीं नगर में चल रहे सेटेलाइट सर्वे के बाद नक्शों में 20 से 30 फीट तक के अंतर सामने आने से कई अन्य पात्र हितग्राहियों के भी प्रभावित होने की बात सामने आ रही है।

शिक्षक विष्णु डेहरिया के प्रकरण का हुआ निवारण

सिवनी नवभारत। विकासखंड धनोरा में पदस्थ शिक्षक जिनका नाम एजुकेशन पोर्टल में गलती से विष्णु साहू के स्थान पर हटा दिया गया था उस प्रकरण का निवारण भोपाल स्तर पर पूर्ण कराकर उन्हें सभी वित्तीय लाभ प्रदान करने की मांग विकासखंड शिक्षक संघ द्वारा की जा रही थी।

संगठन की इस मांग पर विकासखंड अधिकारी श्री नीरज दुबे जिला प्रशासन शिवनी तथा जिला कोषालय शिवनी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे थे इस कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करवाने के लिए मध्य प्रदेश शिक्षा संघ जिला कार्यकारिणी द्वारा भी जिला विकासखंड अधिकारी धनोरा को बार-बार अवगत कराया जा रहा था जिस पर विकासखंड अधिकारी नीरज द्वारा तत्परता से कार्रवाई पूर्ण कराकर श्री विष्णु डेहरिया शिक्षक का नाम जो भोपाल से विलुप्त हो गया था इसकी कार्यवाही पूर्ण करने में तत्परता पूर्वक कार्य किया गया जिसमें उनके कार्यालय लिपिक द्वारा भी सक्रियता से कार्रवाई की गई मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शिक्षक गलती से की गई इस कार्यवाही को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनोरा का आभार व्यक्त करता है इस कार्रवाई को पूर्ण करने में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की ओर से धनोरा विकासखंड कि समस्त कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी द्वारा लगातार प्रयास किए गए।

जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी और एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रत्येक आवेदक को अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। कई प्रकरणों में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर तत्काल कार्रवाई की गई, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए। महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं कमजोर वर्ग से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनसुनवाई की प्रक्रिया थाना एवं चौकी स्तर तक प्रारंभ की गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके और पुलिस-जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बसंतोत्सव समिति का सार्वजनिक अभिनंदन समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजित

सिवनी। विगत 25 जुलाई 2026 को वसंतोत्सव समिति के तत्वावधान में नटराज पैलेस हॉल, सिवनी में शिक्षाविद्, साहित्यकार रमेश श्रीवास्तव 'चातक' के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रपति द्वारा सम्मान प्राप्त शिक्षक, साहित्यकार जवाहर लाल राय 'तरूण' के विशिष्ट आतिथ्य एवं श्रीमती मंजू कौशल की अध्यक्षता में जिले के ख्यातिलब्ध कवि, साहित्यकार अरविन्द अग्रवाल 'मानव' के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी हीरक जयंती पर एवं समाजसेवी गणेश गुप्ता का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया, अभिनंदन समारोह उपरान्त तृतीय चरण में कवि सम्मेलन हुआ, जिसका कुशल संचालन सिराज कुरैशी के द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम संजय जैन 'संजू' ने पेड़ की महत्ता को प्रतिपादित करती रचना ''एक पेड़ माँ के नाम तुम भी लगाइए- जो कट रहे हैं पेड़ उनको बचाइए'' प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया। नरेन्द्र नाथ 'चट्टान' ने ''भारत के भविष्य निर्माताओं को लाठी से पिटवाओगे-तो हमारे भारत देश को विश्व गुरू कैसे बनवाओगे सशक्त व्यंग्य प्रस्तुत कर श्रोताओं से वाहवाही लूटी।

राजेन्द्र तिवारी ''प्रेम पुजारी'' की बुंदेली रचना ''बाद रिटायर एक मित्र ने गइया पालो-गइया तो थी सीधी-सादी पर बछड़ा ने कसर निकालो को श्रोताओं ने खूब सराहा। अम्बिका प्रदीप शर्मा द्वारा सस्वर प्रस्तुत गजल को श्रोताओं ने खुले दिल से दाद दी ''आँख हँसने लगी अश्क गायक हुए-मौन अधर के संदेश वाहक हुए''। डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत सस्वर गीत को श्रोताओं ने बहुत सम्मान दिया और खुलकर तारीफ की ''आज के इस दौर में मुश्किल नहीं है काम-बिक रही इंसानियत अब कौड़ियों के दाम।। अनीसा 'कौसर' ने सस्वर गीत पढ़कर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी ''आयेगा मुझसे मिलने वो अबकी बहार में, बैठी हूं ये उम्मीद लिए इंतेजार में''।। यूसुफ 'राज' की गजल और शेरों का श्रोताओं ने खूब तालियाँ बजाकर स्वागत किया ''फूल खिलते रहे उम्र के बाग में-उम्र भर खुश्बुओं के सफर में रहे।'' मिन्हाज कुरैशी के इस गजल के शेर को श्रोताओं ने खुले दिल से दाद दी ''कुछ ऐसी चोट खाये हैं कि क्या बतायें हम, आँखों के रास्ते लहू ताजा निकल गया-इन्साफ के जवाल पे मातम कुनाँ है लोग, सच्चाईयों का जैसे जनाजा निकल गया''।। जगदीश 'तपिश' की इस रचना को श्रोताओं ने खुले दिल से दाद दी ''लहू से तरबतर जमीन क्यों दिखा रहे हो, हमें इधर-उधर के सीन क्यों दिखा रहे हो-आजादी सिर्फ चंद लोगों को ही मिली है क्या, हम न्याय अगर माँगें संगीन क्यों दिखा रहे हो।।'' अशोर बरमैया की इस रचना ''फिर इक शाम तुम्हारे नाम, खुशियाँ तमाम तुम्हारे नाम'' को श्रोताओं ने खूब सराहा। जुगल किशोर पाण्डे ने ''कोई बूढ़ा सदर नहीं मिलता, सब परिंदों को घर नहीं मिलता'' रचना पाठ कर श्रोताओं से वाववाही लूटी। सूफी रियाज मोहम्मद 'निदा' द्वारा प्रस्तुत बेहतरीन शेरों का श्रोताओं ने तालियों की गर्जना से स्वागत किया ''अफसाना नहीं होता हकीकत में याद रख-हर जख्म सुलगता है मोहब्बत में याद रख''।। खलीकुज्जमा 'सहर' की गजलों को श्रोताओं ने खुले दिल से दाद दी ''इधर से गुजरा था रूस्वाइयों का सांप कभी-तमाम उम्र पिटी ये लकीर ऐसी थी''।। मसूद 'आतिश' की गजल और शेरों की श्रोताओं ने खूब तारीफ की ''चारों जानिब भीड़ है लेकिन तन्हा लगता है, 'आतिश' तेरा चुप चुप रहना अच्छा लगता है''।। मंच संचालन कर रहे सिराज कुरैशी ने गजल और शेर पढ़कर श्रोताओं ने खूब वाहवाही लूटी ''कहते हैं अब किसी की जरूरत नहीं रही, जैसे किसी से उनको मोहब्बत नहीं रही-तुम भी खुलूस अपना कहाँ लेके आ गये, इस दौर में तो इसकी हकीकत नहीं रही''।। अरविन्द 'मानव' द्वारा प्रस्तुत गीत की श्रोताओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की ''स्वप्नों के बादल गहराये उन आँखें की झीलों में-लहर लहर चाहत लहराये उन आँखें की झीलों में''।। ''रमेश श्रीवास्तव 'चातक' द्वारा आदमी पर प्रस्तुत सशक्त रचना को श्रोताओं ने बहुत मान दिया ''शिखर पर पहुँचकर जो कभी न इतराए, वो आदमी कैसा आपके जैसा''।। जवाहर लाल राय 'तरूण' की पंक्तियाँ को श्रोताओं ने बहुत सराहा ''साहित्य-ध्वज-वाहक अनघ, धीर-वीर-गम्भीर-वंदन अभिनंदन करें, मालव-सज्जन-वीर।

न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) सिवनी (म.प्र.)
पीठासीन अधिकारी दिव्यानी सिंह
व्यवाद .क्र . आर .सी .एस .ए-474/2024
प्रस्तुत दिनांक :- / /2020
जगमोहन वगैरा ..... वादीगण।
- विरुद्ध -
गजराज वगैरा .....प्रतिवादीगण।
इश्तेहार
वादीगण जगमोहन वगैरा द्वारा इस न्यायालय के समक्ष प्रतिवादीगणो के विरूद्ध दावा उद्घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु उक्त दावा प्रस्तुत किया है, जिसमे गजराज वगैरा प्रतिवादी क्र-9 चंद्रवति पिता श्यामलाल उम्र लग .-65 वर्ष, पति मेहताप पटले, निवासी ग्राम छुई, तह, अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा, म .प्र . एवं प्रतिवादी क्र-11 मीरा बाई पिता श्याम लोधी पति अशोक निवासी- गेबरा खदान, मकान नं .-115 दीपका मोहल्ला कॉलोनी, कोरबा तह . व जिला कोरबा छ .ग . को इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आप उक्त प्रकरण में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सुनवाई दिनाक 19/08/2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रात : 11:00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर अग्रिम प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी, यदि उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।
आज दिनांक- 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया।
सील
दिव्यानी सिंह
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
(कनिष्ठ खण्ड) जिला-सिवनी (म.प्र.)

आयोजन | **नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया**

खेल मैदान से लेकर गांवों तक गूंजा नशामुक्ति का संदेश

सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित से नो टू ड्रग्स अभियान के अंतर्गत सिवनी पुलिस द्वारा जिलेभर में नशामुक्ति जागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में सोमवार को खेल मैदान से लेकर स्कूलों, महाविद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों तक नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0 का संदेश पहुंचाया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनकर उनके समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए गए।

पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहयोग से विशाल नशे से दूरी है ज़रूरी जागरूकता खेल महोत्सव आयोजित किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक,

छिंदवाड़ा रेंज राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हॉकी टर्फ ग्राउंड पर हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं परेड ग्राउंड में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और रस्साकशी प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। कार्यक्रम में जिले के 23 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा खेल एवं युवक कल्याण विभाग के विभिन्न खेल केंद्रों के खिलाड़ियों सहित 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए और युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ जीवन की सीख देता है, जबकि नशा इन मूल्यों को कमजोर करता है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे से दूरी आवश्यक है। नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत जिलेभर में 35 से अधिक स्थानों पर एक साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पीएम श्री एकीकृत शासकीय हाई स्कूल सड़क सिवनी, भारत रत्न हायर सेकेंडरी स्कूल, ज्ञान गंगा पैरामेडिकल कॉलेज, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा, शासकीय हाई स्कूल जाम, शासकीय माध्यमिक शाला मड़वा, परासिया और झिलमिली शाला में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

नशामुक्ति की दिलाई शपथ

थाना लखनादौन क्षेत्र में मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एसडीएम कार्यालय, लोक सेवा केंद्र, वन परिक्षेत्र कार्यालय और परियोजना कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। घुनाई चौराहा, गोरखपुर चौराहा, ग्राम बोरिया और शासकीय उचित मूल्य दुकान झिलमिली में राहगीरों, दुकानदारों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के ग्राम तिघरा और बाजार चौक जाम, थाना बंडोल क्षेत्र के ग्राम झिलमिली, बोरिया, परासिया और गोरखपुर, थाना अरी क्षेत्र के ग्राम पिपरिया अरी एवं सरेखा तथा थाना उगली क्षेत्र के ग्राम जेवनारा, खरपड़िया, उगली और खेरी में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों और विद्यार्थियों को पोस्टर वितरित कर नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

विधायक दिनेश राय ने सुनीं आमजन की समस्याएं

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज विधायक द्वारा अपने कार्यालय मे उपस्थित नागरिकों से संवाद किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक दिनेश मुनमुन ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति छपारा जिला-सिवनी
Gmail-mandichhapara260@gmail.com phone no -07691290260
क्रमांक/मंडी/तौ . कां . /26- / 26-27/547 छपारा, दिनांक :- 28/07/2026
निविदा आंमत्रण सूचना (तृतीय)
कृषि उपज मंडी समिति छपारा "घ" श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेंण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रॉसफर (BOT) के तहत (इलैक्ट्रॉनिक तौलकांटा) संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_524782_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 10/08/2026 . को दोपहर 3 .30 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म .प्र . शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी ।
नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी ।
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
छपारा जिला-सिवनी